# 4 ठेकेदारों के पंजीयन ब्लैक लिस्टेड

## बालाघाट प्रशासन की वेबसाइट को यूनिक बनाया जाएगा

बालाघाट ( स्वतंत्र मत )।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने जनजाति कार्य विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के लंबित पत्रों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अन्य विभागों को निर्देश दिए कि अब 2-2 विभागों के लंबित पत्रों की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। इसके लिए दिन भी निर्धारित किये गए है। हालांकि टीएल बैठक में भी समीक्षा होगी। जनजाति कार्य विभाग और स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की गई। जनजाति कार्य विभाग के पेंशन के एक प्रकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि रिवाइज प्रकरण का एक वर्ष से



निराकरण नही हुआ है। इस प्रकरण का भुगतान करके के तुरंत अवगत कराएं। वहीं अनुकंपा नियुक्ति के सम्बंध में दो प्रकरणों पर निर्देशित किया गया। अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के सम्बंध में कलेक्टर डॉ.मिश्रा ने ऑनलाईन और ऑफ़लाइन रिक्वेस्ट की जांच करने के निर्देश दिए है। ज्ञात हो कि गत दिनों कक्षा 5 व 8 के परीक्षा परिणामों की समीक्षा में शिक्षकों द्वारा अतिथि शिक्षकों की स्वीकृति के सम्बंध में जानकारी दी गई थी। अतिथि शिक्षकों की स्वीकृति के लिए ऑफ़लाइन व ऑनलाइन रिक्वेस्ट के लिए शिक्षा विभाग और जनजाति कार्य विभाग दोनों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जेएस धुर्वे, जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा, संयुक्त कलेक्टर श्री केसी ठाकरे सहित समस्त विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

### 24 आंगनवाड़ियों के निर्माण में हुई देरी

टीएल बैठक में महिला बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ियों के निर्माण की जानकारी परियोजना क्रियान्वयन इकाई तथा महिला बाल विकास विभाग से ली गई। जिले में पीआईयू और मनरेगा द्वारा नवीन आंगनवाड़ियों का कार्य प्रारम्भ किया गया था। मनरेगा द्वारा निर्माणाधीन 44 आंगनवाड़ियों के कार्य पूर्ण किया गया। जिसमें 38 आगंवादिया नवीन भवन में संचालित होना प्रारम्भ हो गई है। जबकि पीआईयू द्वारा बनाई जा रही 24 आंगनवाड़ियों का कार्य पूर्ण नही किया गया। इस मामले में पीआईयू कार्यपालन यंत्री श्री उइके ने जानकारी देते हुए बताया 24 आंगनवाड़ियों का काम समय सीमा में पूर्ण नही करने के कारण 4 ठेकेदारों के पंजीयन को ब्लैक लिस्टेड किया गया है।

### 17 बिंदुओं की जानकारी देंगे विभाग

जिला प्रशासन की वेबसाइट को उन्नत करने के लिए सभी विभागों से 17 बिंदुओं की जानकारी मांगी गई है। 17 बिंदुओं में योजनाओं के अलावा विभागों की अपडेट जानकारी शामिल होगी। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि डिजिटल प्रचलन बढ़ने के कारण कई नागरिक वेब साइट वॉच कर रहे है। इसलिये पूरी जानकारी देना जरूरी है।

## 10 मई को विविध कार्यक्रमों के साथ मनाई जायेगी परशुराम जयंती : राजेश पाठक



**बालाघाट( स्वतंत्र मत ).** जिला सर्वब्राम्हण समाज के अध्यक्ष राजेश पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान परशुराम की जयंती विविध कार्यक्रमों के साथ पूरे हर्षोल्लास के साथ धार्मिक भावना से ओतप्रोत होकर मनाई जायेगी। विप्रकुल गौरव, भगवान परशुराम हम सबके आराध्य, द्विज श्रेष्ठ, वीर शिरोमणि, परम पराक्रमी, भगवान परशुराम के प्रकट उत्सव के पूर्ण अवसर पर माँ त्रिपुर सुन्दरी मंदिर जयस्तंभ चौक बालाघाट प्रतिष्ठि भगवान परशुराम की प्रतिमा के सम्मुख 10 मई को प्रात: 9 बजे से मंत्र पूजन, हवन, महाआरती एवं महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया है। अध्यक्ष पाठक के अनुसार पिछले वर्ष 2023 को जिले में सामाजिक भावना का सम्मान हुए जनभावना के अनुरूप भगवान परशुराम की प्रतिमा की स्थापना के साथ ही भगवान श्रीराम माता सीता और भ्राता लक्ष्मण के साथ श्रीराम दरबार की प्रतिमा स्थापित की गई थी जिसको लेकर लंबे समय से समाज प्रयासरत था कि मुख्यालय में भगवान परशुराम जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाये और यह संकल्प सभी के प्रयासों से पूर्ण हुआ। 10 मई दिन शुक्रवार को भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर त्रिपुर सुन्दरी मंदिर मे ब्राम्हण समाज की ओर से विविध कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया है।

मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सर्वब्राम्हण समाज संगठन के महासचिव अजय मिश्रा, आदित्य पंडित, डॉ. अविनाश शुक्ला, आनंद दुबे, जॉबी मिश्रा, मुकेश तिवारी, निशांत मिश्रा, अभिषेक शुक्ला, पवन पाठक, अजीत तिवारी, वैष्णव गुरूजी सहित समस्त संगठन पदाधिकारी के साथ महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती संध्या दीक्षित, श्रीमती किरण तिवारी, श्रीमती साधना शुक्ला, श्रीमती मंजुला तिवारी, श्रीमती कौशल्या पाठक, रीना त्रिवेदी, कविता पराशर, सरला शुक्ला सहित समस्त संगठन पदाधिकारियों ने सर्वब्राम्हण समाज के समस्त सामाजिक बन्धुओं से आव्हान किया है कि 10 मई को वह त्रिपुर सुन्दरी मंदिर पहुंच कर भगवान परशुराम जयंती में आयोजित विविध कार्यक्रमों में भाग लेकर उसे सफल बनाने में अपना योगदान देकर पूण्य अर्जित कर आयोजन को सफल बनाये।

## सड़क निर्माण एजेंसियों को धारा 144 के दायरे में लाया जाएगा

**बालाघाट ( स्वतंत्र मत )।** जनवरी से अप्रैल माह में पिछले 2 वर्षो की तुलना में जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयी है। इससे घायलों और मृतकों की भी संख्या कम हुई है। सोमवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिला क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 4 माह में सड़क दुर्घटनाओं में 16.19 प्रतिशत,घायलों की संख्या में 18.78 और मृतकों की संख्या में 5. 74 प्रतिशत की कमी आयी है। इसके कई कारण हो सकते है, इसमें सड़को का निर्माण, पर्याप्त संख्या में चालानी कार्यवाही और जागरूकता के कारण भी सम्भव है। हालांकि कुछ ब्लैक स्पॉट अभी भी जिले में है उन्हें दुरुस्त करना है। जो सड़कें बन रही है, उन सड़कों पर ब्लैक स्पॉट नही बने इस बात का भी ध्यान देना होगा। बैठक में सड़क निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि कलेक्टर डॉ.मिश्रा यदि सड़को पर व्यवस्थित साइनेज, गति अवरोधक और लाइन नहीं बनाई जाएगी तो प्रकरण भी दर्ज होंगे। साथ ही इस कार्य को पूरा करने के लिए अब जिले में सड़क निर्माण एजेंसियों पर धारा-144 के आदेश का पालन करना होगा। उन्होंने नगर पुलिस अधीक्षक श्री अंजुल मिश्रा से कहा कि इसको पूरा कराएं साथ ही रेलवे ब्रिज का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। नोटिस जारी कराएं व धारा-133 में पब्लिक न्यूसेंस में केस भी दर्ज करें। नागरिकों को निकलने में कितनी परेशानियां हो रही है। इसका अंदाज वो नही लगा पा रहें है। वही लामता-परसवाड़ा मार्ग पर बन रहे पुल निर्माण की धीमी गति पर नोटिस जारी किया जाएगा।

## ग्राम अर्जुनटोला में भगवान सहस्त्रबाहु मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

बालाघाट( स्वतंत्र मत )।

कलार समाज के अराध्य देव भगवान सहस्त्रबाहु हैं, वाल्मीकि रामायण में इनका वर्णन मिलता है। उसके अनुसार, प्राचीन काल में महिष्मती (वर्तमान महेश्वर) नगर के राजा कार्तवीर्य अर्जुन थे। उन्होंने भगवान विष्णु के अवतार दत्तात्रेय को प्रसन्न कर वरदान में उनसे 1 हजार भुजाएं मांग ली। इससे उसका नाम सहस्त्रबाहु अर्जुन हो गया। वहीं कलार समाज के देव भगवान का मंदिर निर्माण समाज द्वारा किया जानें को लेकर बालाघाट जिले के तिरोड़ी तहसील अंर्तगत ग्राम अर्जुनटोला में 6 मई को भूमी पूजन किया गया है।



जानकारी अनुसार डहरवाल कलार समाज संगठन बालाघाट मध्य प्रदेश की ग्राम अर्जुनटोला ग्राम समिति की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे भगवान सहस्त्रबाहु मंदिर के निर्माण हेतु डहरवाल समाज संगठन के प्रांतीय कोषाध्यक्ष विजय बाविसताले के मुख्य आथित्य एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य नीलम बिठले व भाऊलाल आवरपाने तहसील तिरोड़ी संरक्षक व नोकेश डहरवाल तहसील कोषाध्यक्ष के विशेष आथित्य में ग्राम समिति अर्जुनटोला के विशेन्द्र डहरवाल अध्यक्ष, कमलेश साकरे सचिव और आशीष डहरवाल कोषाध्यक्ष की प्रमुख अध्यक्षता में भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया गया। उक्त कार्यक्रम में डहरवाल समाज के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुखत: गुलाब साकरे, विजय साकरे, संजय बाघमारे, नरेंद्र डहरवाल, झनकलाल डहरवाल, राकेश डहरवाल, रामकिशोर बाघमारे एवं कमलेश साकरे, अनिल डहरवाल, उत्तम मंडलेकर, विनय वाघमारे, अनिल साकरे व अन्य की प्रमुख उपस्थिति रही।

## नरवाई से भूसा बनाने प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने किसान भाईयों से कहा है नरवाई न जलाने को प्रोत्साहित करने के लिये सोमवार 6 मई से विशेष शिविर अलग.अलग जगहों पर आयोजित किये जा रहे है। उन्होंने कहा नरवाई या पराली से भूसा कैसे बनाया जा जाता है और उसका लाभकारी उपयोगा कैसे लिया जाता हैए इसके लिये हमारे कृषि वैज्ञानिक गांव में जाकर ट्रेनिंग दे रहे है और वहीं उसका प्रदर्शन भी किया जा रहा है। उन्होंने किसान भाईयों से आग्रह करते हुये कहा है कि अधिक से अधिक इसका लाभ लेंए हम सोशल मीडिया पर और सब माध्यमों से प्रचार प्रसार कर रहे है कि कहां-कहां पर प्रशिक्षण है और डिमोंसट्रेशन है तो आप सब इसमें आये और अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इससे पराली या नरवाई को जलाने को हतोत्साहन तो मिलेगा ही मिलेगा किसानों को लाभ भी बहुत बड़ी मात्रा में मिलेगा।



## पेंच रिसार्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष बने मनीष अग्रवाल

सिवनी( स्वचतंत्र मत )

वर्तमान समय में पर्यटन क्षेत्र में सफलता दर्ज करते हुए पेंच नेशनल पार्क सर्वोच्च स्थान पर है। जहां लगभग 62 रिसॉर्ट हैं लगातार बढ़ती रिसोर्ट की संख्या को देखते हुए सभी ने पेंच नेशनल पार्क के विकास कार्यों एवं व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग करने के लिए एक नए पेंच रिसार्ट एसोसिएशन का गठन किया है। जिसमें सर्व सम्मति से एक कार्यकारिणी समिति बनाई गई है जो भविष्य में पर्यटकों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पेंच नेशनल पार्क के विकास के लिए मिलकर कार्य करेंगे। सर्वसम्मति से मनीष अग्रवाल को इस संगठन का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

वहीं उपाध्यक्ष के लिए डॉक्टर आरजी चांडक, सचिव महेंद्र सोनोने, सहसचिव पंकज बाउसकर, कोषाध्यक्ष विकास सिरोही एवंएलएसी मेंबर हेतु डॉक्टर शिवा शरणागत को मनोनीत किया गया है। इसके साथ ही पेंच रिसार्ट एसोसिएशन कार्यकारिणी सदस्यों में अर्पित दुबे, सुमन मनमा, श्रीमती श्रेया वैद्य, नाजिम खान, जयंत पटेल धीरज चौहान एवं मयूर को मनोनीत किया गया है। जिसमें उपरोक्त पदाधिकारी के अलावा हरीश गवई, संदीप सैलानी, संजीव पटेल, राजेश ठाकुर, विकास संगटानी, रजत चौहान, धीरज चौहान, विनोद कुमार रैकवार, शिवराज गुप्ता, जिगर वैद्य, तरुण जय भाई पटेल, विकास सिरोही, अंजलि सिंह, कपिल खंडेलवाल, समान माना, नेहा सोने, अर्पित दुबे, महेश गुप्ता, आशीष बंजारी, दीपक दंडवत, पंकज तांबरे, मयंक, अमन ठाकुर, विनेश पिल्ले, स्वप्निल वाघ, किशोर काले सदस्य बने है।

## अभिनेत्री ऋषिना कंधारी ने जंगल सफारी-प्राकृतिक सौंदर्य का लिया आनंद

**सिवनी ( स्वषतंत्र मत )** पेंच पार्क में जहां प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में देशी व विदेशी पर्यटक आते हैं, वही बड़े-बड़े बिजनेसमैन, खिलाड़ी, फिल्मी कलाकार पेंच के अदभुत नज़ारे सहित टाइगर का दीदार करने पहुंचते हैं। गत दिवस अभिनेत्री ऋषिना कंधारी पेंच टाइगर रिजर्व पहुंची जो यहां के साज इन द फॉरस्ट रिसोर्ट में रुकी। ऋषिना पेंच की प्राक्तिक सुंदरता को देखने आई है। जहां सफारी के दौरान पर्सनल गाइड कर रहेपेंच टाइगर रिजर्व के नेचुरलिस्ट सौरभ सिंह और इमरान खान ने अभि अभिनेत्री ऋषिना कंधारी को पेंच टाइगर रिजर्व मध्य प्रदेश दुरिया गेट में टाइगर और लेपईस के शानदारदीदार हुए। वही पेंच टाइगर रिजर्व महाराष्ट्र के सिल्लारी गेट में भी टाइगर और लेपर्ड के शानदार दीदार हुये।अभिनेत्री ऋषिना कंधारी ने शानदार लेपर्ड और टाइगर्स के फोटोग्राफ्स भी लिए। आपको बता दें कि ऋषिना कंधारी एक बहुत ही फेमस वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर भी हैं, जो प्राकृतिक की सुंदरता को रिकॉर्ड करती रहती हैं और उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से वन्य एवं वन्य जीव अवेयरनेस के लिए फोटोग्राफ्स पब्लिक में शेयर करती हैं, ताकि उन तस्वीरों को देखकर लोगों के मन में वन एवं वन्य जीवों के प्रति अवेयरनेस बढ़े और हम अपने क्षेत्र की प्राक्तिक सुंदरता को बचाए रखें।



## एकलव्य विद्यालय घंसौर में सॉइल हेल्थ प्रोग्राम हुआ संपन्न



**सिवनी ( स्वयतंत्र मत )।** घंसौर को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घंसौर में जिले के कृषि विभाग से आए अधिकारियों द्वारा मिट्टी के परीक्षण के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यशाला में विद्यार्थियों व उनके पालकों को जिले से आए अधिकारियों डॉक्टर के के देशमुख कृषि वैज्ञानिक ,श्रीमती अंजु मरकाम असिस्टेंट डायरेक्टर एग्रीकल्चर, मनीष चौधरी मृदा स्वास्थ्य लैब प्रबंधक, श्रीमती सुनीता पंद्रे एडीओ, रश्मि राज नेगी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी घंसौर, एल सी पवार तकनीकी विस्तार सुधार कार्यक्रम आत्मा ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर, विकासखंड की ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा मिट्टी के परीक्षण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई साथ ही किसानों के सॉइल हेल्थ कार्ड बनाने के संबंध में भी जानकारी दी गई। अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों और पालकों को मिट्टी का सैंपल एकत्रित करने के लिए प्रैक्टिकल कराया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री आर के धमेनिया, वरिष्ठ व्याख्याता श्री बी एल राहंगडाले, श्रीमती सुनीता पटेल, श्री विजय सिंह मसराम, श्री मुकुल सोनी, श्री लवकेश उइके, श्री मनोहर प्रसाद नागोत्रा, श्री झामसिंह कुमरे, श्री रविंद्र उइके, श्री अंकित सेन, श्री राजकुमार मरावी, श्री ओमकार उइके भी उपस्थित रहे।

## गुणवत्ताहीन कार्यों के कारण सड़क उखड़ने लगी प्रशासन क्यों नहीं करता कार्यवाही ?



### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी लाखों रुपये से बनी सड़क

सिवनी ( स्वचतंत्र मत )

केवलारी नगर परिषद बनते ही सड़को का बनाने का काम तो शुरू हुआ परंतु सीसी सड़को के बननें के बाद यह आलम होता है आए दिन कोई ना कोई सड़क निर्माण कार्यों के ठेकेदार सवालों के घेरे में होते है, सबसे पहले नगर परिषद वार्ड क्रमांक 14 में बनी सीसी सड़क निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी अब वही आलम वार्ड क्रमांक 9 का है जहां पर बनी सड़क अब उखड़ते दिखाई दे रही है। केवलारी नगर परिषद के द्वारा बनाई से क कुछ ही माह बाद उखड़ कर ही गिट्टी दिखने लगी है। से क में अनेक जगह गड्ढे बन गए हैं।

वार्डवासियों द्वारा सीधा आरोप ठेकेदार पर लगाया है, वार्ड वासियों का कहना है की से क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया है। दरसल पूरा मामला केवलारी नगर परिषद वार्ड क्रमांक 9 का है जहा मंडला सिवनी सड़क मार्ग से मलारी तक सड़क निर्माण कार्यकिया गया वैसे अभी सड़क के किनारे किनारे मुरम कार्य होना अभी शेष भी है, लेकिन सीसी सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बाद कुछ ही दिन भी नहीं बीते की सीमेंट उखड़ना शुरू हो गई है। जिसको लेकर वार्ड वासियों में ग

हरा असंतोष के साथ आक्रोश भी है सड़क बनाने में लापरवाही और भ्रष्टचार होने के आरोप लगने

लगे है, सड़क निमार्ण के समय घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है जिसका वस्तुत: उदाहरण सड़क को देखकर लगाया जा सकता है। वार्डवासियों द्वारा कहा गया है अगर सीमित दिनों के अंदर सड़क की दुर्दशा को नही सुधारा जाता तो वार्डवासियों को आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## स्वास्थ्य विभाग की टीमें कर रही सर्वे, ग्वारी में चिकन पॉक्स फैला

सिवनी ( स्वितंत्र मत )

कुरई क्षेत्र के ग्वारी गांव में चिकन पॉक्स ने दस्तक दे दी है। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया है और गांव में टीम भेजी गई हैं। जो घर-घर जाकर सर्वे कर रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से गांव में इस बीमारी ने दस्तक दी है। कुछ लोग पहले ही ठीक हो चुके हैं लेकिन अभी भी कुछ लोग इसके शिकार हैं।

### ग्रामीणों में फैला प्रकोप

आमतौर पर गर्मी के दिनों में जिले में कई स्थानों पर चिकन में पॉक्स का प्रकोप देखा जाता है। कुरई के ग्वारी गांव में चिकन पॉक्स का प्रकोप इन दिनों देखा जा रहा है। ग्रामीण अमर सिंह उड़के ने बताया कि ग्राम में चिकन पॉक्स जिसे ग्रामीण माता भी कहते हैं, का प्रकोप चल रहा है। उइके की पत्नी, दो बच्चों सहित खुद उन्हें भी चिकन पॉक्स हुई है। गांव में पहले से ही यह बीमारी देखी जा रही है। कुछ लोगों है को यह बीमारी हुई थी लेकिन अब वह ठीक हो चुकी है।

### ली जा रही जानकारी

गांव में चिकन पॉक्स का प्रकोप होने की जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य विभाग ने चार टीमों का गठन कर दिया। गांव में घर-बाकि घर जाकर इस संबंध में जानकारी ली जा रही है और लोगों को बचने के उपाय बताए जा रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि चूंकि यह संक्रामक बीमारी है। ऐसे में लोग बीमारी होने पर बाहर न निकलें और ज्यादा मेल मुलाकात न करें। बीमारी होने पर बजाए बशन पूजा पाठ के चिकित्सकों से संपर्क करें।

**इनका कहना है**

चिकन पॉक्स की सूचना के बाद गांव में स्वास्थ्य विभाग का मले दल भेजा गया है। अब सिर्फ दो केस ही एक्टिव हैं। बाकी ठीक हो चुके हैं। लोगों को सावधानी बरतने की नसीहत दी जा रही है।

**- डॉ अभिषेक रैकवार, बीएमओ कुरई**

## खवासा बफर में गाइडों को ड्रेस वितरण

**सिवनी ( स्वेतंत्र मत )**पेंच टाइगर रिजर्व की अंतर्गत आने वाले खवासा बफर एवं तेलिया बफर गेट के सभी 105 गाइडों को ड्रेस वितरण किया बफर जोन के मुखिया सुमित रेघे, रेंजर, डिप्टी रेंजर सतिराम उइके, भूपेंद्र राजपूत वनपाल के समक्ष गाइडों को ड्रेस वितरण किया गया जिससे सभी गाइड में उत्साह देखा गया एवं सभी गाइडों ने वन विभाग का आभार व्यक्त किया एवं ईमानदारी से पूर्ण ईमानदारीसे पूर्ण नियमनुसार टूरिस्ट को सफारी भ्रमण करने का शपथ ग्रहण किया।

